मई, 2005

MAY, 2005

# LG-11

# लाइसेन्शिएट परीक्षा
# साधारण बीमा के व्यवहार

# LICENTIATE EXAMINATION
# PRACTICE OF GENERAL ASSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100

Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है।अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के है।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्नलिखित पर व्यापक टिप्पणी लिखिए :- (प्रत्येक के 8 अंक)
   - अ) जोखिम निरीक्षण
   - ब) जोखिम प्रबंधन

1. Write a comprehensive note on the following :- 8 each
   - a) Risk Inspection
   - b) Risk Management

2. निम्नलिखित विधानों का मूल उद्देश्य क्या है ? (प्रत्येक के 2 अंक)
   - अ) कैरिएज ऑफ गुड्स बाय सी एक्ट, 1925 (समुद्री माल वाहन अधिनियम 1925)
   - ब) भारतीय रेलवे अधिनियम, 1989
   - स) दि कैरेज बाय एयर एक्ट, 1972
   - द) इंडियन पोस्ट ऑफिस एक्ट 1898
   - य) सार्वजनिक देयता बीमा अधिनियम 1991
   - र) कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923

2. What is the primary object of the following Statutes :- 2 each
   - a) The Carriage of Goods by Sea Act, 1925
   - b) Indian Railways Act, 1989
   - c) The Carriage by Air Act,1972
   - d) The Indian Post Office Act, 1898
   - e) Public Liability Insurance Act, 1991
   - f) Workmen's Compensation Act, 1923?

3. उन विभिन्न तरीकों की चर्चा कीजिए, जिनके अंतर्गत नैतिक खतरा उत्पन्न हो सकता है । 12

3. Describe the different ways in which moral hazard can arise . 12

(प्रत्येक के 4 अंक)

4. अ) बीमा लोकपाल द्वारा किस प्रकार की शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है ?
   ब) बीमा लोकपाल के समक्ष शिकायतें दर्ज करने की पूर्वापेक्षाएं क्या हैं ?
   स) शिकायतें दर्ज करने की प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए ।

4 each

4. a) Mention the types of complaints entertained by the Insurance Ombudsman.
   b) What are the pre-requisites for filing complaints with the Insurance Ombudsman?
   c) Describe the procedure for filing complaints.

5. निम्नलिखित के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए : (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) पुन:स्थापन मूल्य पॉलिसी तथा सूचनापेक्षी पॉलिसी (अग्नि बीमा)
   ब) खुली पॉलिसी तथा खुला आवरण (मरीन कार्गो बीमा)
   स) सामूहिक पॉलिसी तथा अस्थायी पॉलिसी (विश्वस्तता गारंटी बीमा)

5. Explain the differences between the following :- 4 each
   a) Reinstatement Value Policy and Declaration Policy (Fire insurance)
   b) Open Policy and Open Cover (Marine cargo insurance)
   c) Collective policy and Floating Policy (Fidelity guarantee insurance)

6. **किन्हीं तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) प्रत्यक्ष ब्रोकर
   ब) कवर नोट
   स) पृष्ठांकन
   द) सह-बीमा

6. Write short notes on **any three** :- 4 each
   a) Direct Brokers
   b) Cover Notes
   c) Endorsements
   d) Co-insurance

7. निम्नलिखित के अंतर्गत उपलब्ध बीमा संरक्षण की रूपरेखा दीजिए : (प्रत्येक के 4 अंक)

अ) व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी

ब) सेंधमारी (व्यावसायिक परिसर) पॉलिसी

स) केवल देयता मोटर पॉलिसी

7. Outline the cover under the following :- 4 each

a) Personal Accident Policy

b) Burglary (Business Premises) Policy

c) Liability Only Motor Policy

8. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (प्रत्येक का 1 अंक)

अ) बीमाकर्ताओं द्वारा अपने अंतिम वार्षिक खातों में निर्धारित की गई दो महत्त्वपूर्ण निधि आरक्षणों में से, बकाया दावों के लिए आरक्षण तथा .......... के लिए आरक्षण है।

ख) लेखा वर्ष के दौरान उपगत दावे जो कि बीमाकर्ताओं को अगले वित्तीय वर्ष के दौरान सूचित किए गये हों .................... दावे कहलाते हैं ।

ग) यू. के. में एक संगठन जो कि मोटर वाहन रिपेयर कार्य के समस्त क्षेत्रों में शोध कार्य करता है, का नाम .................... है ।

घ) अमेरिका में पॉलिसीधारक, हानि का प्रमाण तथा संबंधित कागजात तैयार करने एवं बीमाकर्ताओं से बातचीत करने में मदद करने के लिए किसी .................... की सेवाएं ले सकते हैं ।

च) 'मार के टक्कर, रफूचक्कर' मोटर वाहन दुर्घटनाओं के प्रभावितों हेतु मुआवजे का भुगतान .................... से किया जाता है ।

छ) मोटर बीमा में बीमा प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं, जो कि .................... बीमा में भी जारी किए जाते हैं; मगर अन्य प्रयोजन हेतु।

ज) अग्नि पॉलिसी जो एक बीमा राशि के अंतर्गत विभिन्न विनिर्धारित स्थानों पर रखे गये स्टॉक को बीमा संरक्षण प्रदान करती है .......... पॉलिसी कहलाती है ।

झ) मरीन बीमा में आंशिक हानियों को श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है : विशेष क्षति तथा .................... ।

प) कैन्सर बीमा योजना इंडियन कैन्सर सोसायटी के सदस्यों तथा .................... को उपलब्ध होता है ।

फ) सेवानिवृत्ति की उम्र के बाद लागू चिकित्सा बीमा योजना को .................... के नाम से जाना जाता है ।

ब) बीमाकर्ता के दावा निपटान प्रस्ताव के बीमाधारक द्वारा स्वीकृति पर, बीमाकर्ता को दावे की राशि का भुगतान, बीमाधारक द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति की तिथि से .................... दिनों के अंदर करना होता है ।

भ) अनुकूल दावा अनुभव के लिए नवीकरण प्रीमियम में छूट को 'बोनस' कहा जाता है । प्रतिकूल दावा अनुभव के लिए नवीकरण प्रीमियम में लोडिंग को ............ के नाम से जाना जाता है ।

8. Fill in the blanks :- 1 each

a) Two important reserves set up by insurers in their final annual accounts are reserves for outstanding claims and ------- reserves.

b) Claims arising in the year of account but intimated to the insurers during the following financial year are known as ---- claims.

c) in the U. K., an organisation which conducts research in all areas of motor vehicle repair work is known as ----------- .

d) In the U. S. policyholders can use the services of a ----------- to assist them in preparation of proof of loss and related documents and in negotiations with insurers.

e) Compensation for victims of hit and run motor vehicle accidents is paid from ----------- .

f) Certificates of insurance are issued in motor insurance and also issued in ----------- insurance but for a different purpose.

g) A fire policy which covers stocks at various specified locations under one sum insured is known as ----------- policy.

h) In marine insurance partial losses are classified into two categories : Particular average and ----------- .

i) Cancer insurance schemes are available to members of the Indian Cancer Society and ----------- .

j) Medical insurance scheme applicable after the retirement age is known as ----------- policy.

k) Upon acceptance of insurer's offer of settlement of claim by the insured, the insurers have to pay the claim amount within ------ days from the date of acceptance of the offer by the insured.

l) A discount in the renewal premium for favourable claims experience is known as bonus. A loading of the renewal premium for adverse claims experience is known as ----------

9. उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत :- (प्रत्येक का 1 अंक)

क) लोक विधि के अंतर्गत यह बीमाधारक का कर्तव्य है कि पॉलिसी अवधि के दौरान तथा हानि घटित होने पर भी हानि के न्यूनतमीकरण का प्रयास करे ।

ख) दावा फॉर्म जारी किया जाना, पॉलिसी के अंतर्गत बीमाकर्ताओं द्वारा दायिता स्वीकार करने की ओर इंगित नहीं करता है ।

ग) मरीन कार्गो दावों में, नौवहन के मूल्य का प्रमाण बीजक होते हैं ।

घ) बीमा पॉलिसियों के अंतर्गत सभी दावे किसी लाइसेंसधारक सर्वेयर व हानि समायोजक की सर्वे रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद देय होते हैं ।

च) किसी बीमा पॉलिसी के अंतर्गत सभी विवाद मध्यस्थता हेतु संदर्भित किए जाते हैं ।

छ) अग्नि बीमा के अंतर्गत, दावे का भुगतान होने पर बीमा राशि प्रभावित नहीं होती है ।

ज) आई आर डी ए विनियमों के अनुसार, को ऑपरेटिव सोसायटी कॉर्पोरेट एजेन्ट के रूप में कार्य करने के लिए लाइसेंस प्राप्त कर सकती है ।

झ) आई आर डी ए विनियमों के अनुसार मरीन बीमा को छोड़कर हर श्रेणी के बीमे के लिए लिखित प्रस्ताव प्रपत्र का होना अनिवार्य है ।

प) अगर कोई पॉलिसी अस्पष्ट रूप में जारी की गई हो तो विवाद की स्थिति में, न्यायालयों द्वारा इसकी व्याख्या बीमाधारक के पक्ष में की जाएगी।

फ) कोई जोखिम केवल उस तिथि से ही स्वीकार किया जा सकता है, जिस तिथि को प्रीमियम नकद या चेक द्वारा अदा किया गया हो ।

ब) प्रीमियम लेने का अल्प अवधि पैमाना केवल तभी लागू किया जाता है जब बीमाधारक द्वारा बारह महीने से कम अवधि के लिए पॉलिसी ली जाती है. लेकिन उसके द्वारा वार्षिक पॉलिसी को रद्द कराते समय लागू नहीं किया जाता है ।

भ) बीमाकर्ता द्वारा पॉलिसी को रद्द करते समय प्रीमियम का अल्प अवधि पैमाना लागू होता है ।

9. State whether the following statements are **true or false** :- 1 each

a) Loss minimisation is a duty of the insured under common law during the policy period and also when a loss occurs.

b) The issue of a claim form does not constitute an admission of liability under the policy on the part of insurers.

c) The marine cargo claims, the invoice provides the evidence of the value of the shipment.

d) All claims under insurance policies are payable only after obtaining a Survey report from a licensed Surveyor and Loss Assessor.

e) All disputes under an insurance policy are to be referred to arbitration.

f) On payment of a claim, the sum insured under a fire policy is not affected.

g) As per IRDA Regulations, a co-operative Society can obtain a licence to act as a Corporate Agent.

h) As per IRDA Regulations, written proposal forms are compulsory in all classes of insurance except in marine insurance.

i) If a policy is issued in an ambiguous manner, it will be interpreted by the courts in favour of the insured, in the event of a dispute.

j) A risk may be assumed only from the date on which premium has been paid in cash or cheque.

k) Short Period Scales of premium apply only when the policy is taken by the insured for period shorter than twelve months but not when annual policy is cancelled by him .

l) Short Period Scale of premium apply when the policy is cancelled by the insurers.

10. अ) निम्नलिखित संक्षिप्तियों का विस्तृत रूप लिखिए : 8

i) सी. पी. एक्ट, 1986

ii) टी पी ए

iii) सी. एल. (फायर) पॉलिसी

iv) ए एल ओ पी

v) जे पी ए पॉलिसी

vi) सी पी एम पॉलिसी

vii) ए एंड सी एक्ट, 1996

viii) एल पी ए

ब) बीमा राशि रू. 1,00,000 2

हानि रू. 10,000

हानि की देय राशि क्या होगी अगर पॉलिसी निम्नलिखित के विषयाधीन हो।

i) आधिक्य सीमा रू. 1,000

ii) मुक्तांश सीमा रू. 1,000 ?

स) बीमा राशि रू. 1,00,000 2

हानि रू. 900

हानि की देय राशि क्या होगी अगर पॉलिसी निम्नलिखित के विषयाधीन हो।

i) आधिक्य सीमा रू. 1,000

ii) मुक्तांश सीमा रू. 1,000 ?

10 a) Expand the following abbreviations :- 8

i) C. P. Act, 1986

ii) T P A

iii) C. L. (fire) policy

iv) ALOP

v) J. P. A. policy

vi) C P M policy

vii) A and C Act, 1996

viii) L P A

b) Sum insured Rs. 1,00,000 2

Loss Rs. 10,000

What is the amount of loss payable if the policy is subject to :

i) 'excess' limit of Rs. 1,000

ii) 'franchise' limit of Rs. 1,000?

c) Sum insured Rs. 1,00,000 2

Loss Rs. 900

What is the amount of loss payable if the policy is subject to :

i) 'excess' limit of Rs. 1,000

ii) 'franchise' limit of Rs. 1,000?

---- समाप्त ----

---- The End ----